हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4 खदानों में अवैध वसूली, सुविधाओं को लेकर ट्रेलर मालिकों का प्रदर्शन



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## अभाव के बाद भी मिंज ने की सफलता अर्जित

# विद्यार्थी अपनी सोच ऊंची रखें : मिंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते आईएएस अधिकारी मिंज।

मंगलवार को लोयोला महाविद्यालय के सभागार में आईएएस सरजियस मिंज ने अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य में ऊंची सफलता हेतु बतौर मार्गदर्शक एवं उत्प्रेरक बनकर सम्बोधित किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ, फादर ऑस्कर एस तिर्की ने सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ से उनका अभिनंदन किया। उन्होनें संक्षिप्त में उनका जीवन परिचय और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। फादर प्राचार्य ने बताया कि श्री मिंज एक छोटे से गांव और अभावग्रस्त क्षेत्र से सम्बंधित रहने के बावजूद एक के बाद एक जीवन की सभी ऊंची सफलताओं को प्राप्त करने में सफल रहे। सरजियस मिंज ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों से ऊंची सफलता का आह्वान किया। उन्होनें इस बात पर विशेष बल दिया कि सभी विद्यार्थी ऊंची सोच रखें। क्योंकि अपनी सोच से ही व्यक्ति कार्य करने के लिए प्रेरित होता है। ऊंची सोच से ही व्यक्ति में आत्मविश्वास आता है। श्री मिंज ने लोयोला हायर सेकेण्डरी कुनकुरी में पढ़ने से लेकर आईएएस बनने तक के अपने जीवन के सफर का चित्र प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि अक्सर हम असफल होने पर व्यवस्था का रोना रोते हैं जबकि व्यवस्था में दोष नहीं के बराबर होता है। उन्होने ऊंची सोच और मेहनत में समर्पण के साथ जीवन में आगे बढ़ते रहने की सीख दी और डॉ. फादर ऑस्कर एस तिर्की (प्राचार्य) के मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण कक्षाओं के लिए प्रशंसा की। इस कार्यक्रम से सभी विद्यार्थी बहुत उत्साहित प्रतीत हुए। कार्यकम का संचालन सहायक प्राचार्य नीतिश शर्मा ने किया। लोयोला महाविद्यालय स्टाफ के स्टाफ सचिव डॉ.किशोर मिंज ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, कर्मचारी एवं सभी विद्यार्थी पूरे समय उपस्थित रहे।

# बस पलटी, बाल-बाल बचे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



घटना स्थल पर पुलिस की टीम पहुंची।

माटीपहाड़ छर्रा से पत्थलगांव जा रही त्रिदेव यात्री बस के पलट जाने से उसमे सवार 20 से 25 यात्री बाल बाल बचे। कुछ यात्रियों को चोटे आई है। यह घटना तुमला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंझियाडीह के पुलिया के पास में घटित हुई।

मंगलवार सुबह 10:30 बजे माटी पहाड़ छर्रा से पत्थलगांव जा रही त्रिदेव बस मुख्यमार्ग में लापरवाही पूर्वक मालवाहक ट्रक को साइड देने के चक्कर में गंझियाडीह पुलिया से पहले के मोड़ से सीधे खेत मे जा पलटी खेत मे नमी होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के वक्त बस में 20 से 25 यात्री सवार थे। जिसे ड्राइवर सेवक राम 50 वर्ष दोकड़ा निवासी चला रहा था। घटना होते ही मौके से फरार हो गया था। कंडेक्टर साहिब खान 58 ने बताया कि कुछ यात्री भी घायल हुए है। जिसमे वेदों बाई उम्र 60 वर्ष हाथीबेड़ से कोतबा हो के कुपाकानी जा रही थी। जिसके हाथ मे चोट है। लक्ष्मी पैंकरा उम्र 34 वर्ष माटीपहाड़ छर्रा से कोतबा जा रही थीं जिसे अंदरूनी चोट कंधे में आई है। राम साय यादव उम्र 66 वर्ष हाथीबेड़ से कोतबा हो के कुपाकानी जा रहा था। जिसके पैर में चोट आई है। नीला यादव उम्र 75 वर्ष बुलडेगा के पैर में चोट आई है मनमती पैंकरा उम्र 40 वर्ष माटी पहाड़ छर्रा से कोतबा आ रही थी जिसके दांत टूट गए। कुमारी अल्पना लकड़ा उम्र 25 वर्ष भेलवा से कुकुरभुका जा रही थी जिसके घुटने में चोट आई है। इसके अलावा 2 अन्य कुल 8 लोगो को छोटी मोटी चोट आई है। कोई गंभीर रूप से हताहत नहीं हुए है। सभी का प्राथमिक उपचार करा दिया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर तुमला पुलिस पहुंच कर जांच विवेचना कर रही है।

## खबर संक्षेप

### लापरवाह हेड मास्टर का विरोध होने पर डीईओ ने किया तबादला

**बिश्रामपुर।** कार्य के प्रति लापरवाह प्रधान पाठक को ग्रामीणों के विरोध करने उपरांत डीईओ सूरजपुर द्वारा हेड मास्टर का अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बतरा के शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ हेड मास्टर मोहम्मद इंतकाम खान पर पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया था, जिस पर उक्त हेड मास्टर को सूरजपुर डीईओ द्वारा निलंबित कर दिया गया था। इसके पश्चात मनमानी तरीके से उक्त लापरवाह हेड मास्टर को पुनः 19 दिसंबर 2023 को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा में पदस्थ किया गया था। दूसरी बार पुनः उक्त विद्यालय में लापरवाह हेड मास्टर को पदस्थ किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर व सूरजपुर डीईओ को ज्ञापन देकर उक्त हेड मास्टर को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई थी। साथ ही मांग पूर्ण न होने पर क्लेक्ट्रोरेट का घेराव कर आंदोलन की बात की गई थी। जिस पर मामले को गंभीरता से लेते हुए सूरजपुर डीईओ द्वारा सोमवार को संशोधन आदेश जारी करते हुए लापरवाह हेड मास्टर को शासकीय प्राथमिक शाला पसलिहापारा से शासकीय प्राथमिक शाला खुटरापारा (डबरीपारा) में पदस्थ कर दिया है।

### बेटे ने की मां के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम बुलगांव निवासी 65 वर्षीया सुखमतिया अगरिया पति स्व. चन्द्रिका अगरिया 1 जनवरी को अपनी मां को देखने के लिए गांव गई थी और शाम लगभग 6 बजे वापस घर लौटी। इस दौरान वृद्धा का पुत्र मुखलाल आगरिया घर के पास खड़ा था और मां को फिर से शराब पीकर आने की बात कहते हुए उसके साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। पुत्र ने मां को जमीन पर पटककर उसके सीने पर लात से मारना शुरू कर दिया। जब महिला ने शोर मचाया तो नाली व अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान आरोपी ने मां को उपचार कराने का आश्वासन दिया था लेकिन जब उसने उपचार कराने से इनकार कर दिया तो महिला ने अपने बेटे के खिलाफ भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### तातापानी में मेला स्थल पर दुकान लगाने चले लाठी डंडे

**रामानुजगंज।** तातापानी महोत्सव के दौरान लगने वाले मेले में दुकान लगाने को लेकर मची होड़ के बीच अब मारपीट की नौबत आ गई है। व्यवसायी मेला स्थल पर पसदंदीदा स्थान पर दुकान लगाने को लेकर लाठी डंडा चलाने पर उतारू हो गए है। आलम यह है कि दुकान को लेकर दो गुटों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। बता दें कि मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में भव्य मेला व महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन व आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे महोत्सव को लेकर तैयारियां चल रही है। 14 से 16 जनवरी तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर मेला स्थल पर दुकानों के आबंटन का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान तातापानी मेले में दुकान लगाने को लेकर कुछ दुकानदारों के बीच अचानक विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत तक पहुंच गई और जमकर लाठी डंडे चले। अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि विवाद के दौरान मारपीट में कई लोग घायल भी हुए लेकिन अब तक इस मामले में पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# जीवन झरना विकास समिति गठित करने बैठक



बैठक में शामिल ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

कोलोकेर पंचायत में जीवन झरना विकास संस्था द्वारा निगरानी समिति गठित करने लोगों से चर्चा की। सर्वप्रथम लोगों से परिचय लिया गया व समिति बनाने का उद्देश्य बताया गया।

समिति बनाने का उद्देश्य - 0 से 17 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा की निगरानी रखना और उनके अधिकारों की रक्षा करता तय किया गया। समिति में रहने वालों की सूची तैयार किया। समिति के प्रत्येक सदस्यों की जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। इसके बाद सर्वसहमति से समिति का गठन किया गया। साथ ही कार्रवाई पंजी में 19 सदस्यों के नाम अंकित करते हुए आगामी बैठक का एजेंडा निर्धारित किया गया। 9 से 17 वर्ष के शाला त्यागी बच्चों की सूची तैयार कर शाला से जोड़ने पर चर्चा की जाएगी। उपस्थित सदस्य सरपंच राजकुमारी पैंकरा सहित समस्त पंच सचिव दिलसाय भगत मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शेग लिडर्स ग्राम सभा अध्यक्ष सगराम पैंकरा व जीवन झरना सदस्य प्रतिमा शर्मा,निशा शामिल थीं।

# नुक्कड़ नाटक दिखाकर चला रहे नशामुक्ति अभियान



रासेयो शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागी।

**कांसाबेल।** ब्लॉक के नवीन महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाया जा रहा है। 6 से 12 जनवरी तक ग्राम बरजोर के शासकीय हाई स्कूल में लगाए जा रहे शिविर में 58 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। नवीन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा.कुसुम माधुरी टोप्पो प्रतिभागियों को मार्ग दर्शन दे रही हैं।

इस दौरान जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल के कार्यकर्ताओं द्वारा नशा मुक्ति के सबंध मे बहुत ही सारगर्भित और सार्थक शब्दों में नुक्कूड नाटक प्रस्तुत किया । इसमें नशा के कारण होने वाले दुष्परिणामों को स्पष्ट किया गया। नशा के कारण –मृत्यु, शरीर के आंतरिक अंगों का ख़राब होना,परिवार का बिखरना ,लैंगिग शोषण मानव तस्करी जैसे समस्याओं को दिखाया गया। नुक्कड़ नाटक देखकर उपस्थित सदस्यों की आंखें नम हो गई। उन्होंने इस प्रस्तुति से प्रभावित होकर नशा मुक्त परिवार एवं गांव बनाने के लिए पहल करने का निर्यण लिया। कार्यक्रम के अंत मे एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. कुसुम माधुरी टोप्पो एवं एनएसएस के विधार्थियो ने संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता



रंगोली बनाते छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में विकसित भारत के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

■ प्रथम स्थान पर रही कु. अंजली व शालू गुप्ता रही द्वितीय

इस क्रम में मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम भारत के स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं तकनीक में बढ़ते आयाम रखा गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्तिथि दर्ज करायी। बहुत सुन्दर-सुंदर रंगोलियों में क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया। इसमें कुमारी अंजली रवि प्रथम द्वितीय कु शालू गुप्ता, आदित्य व कु मानसी तिर्की तृतीय रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों, अतिथि शिक्षकों,जनभागीदारी शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया। अंत में प्राचार्य श्रीमती सुषमा कुजूर सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित



सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने किया कैलेंडर का विमोचन।

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा रायगढ़ द्वारा वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन संध्या सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन घरघोड़ा स्टेडियम परिसर में किया गया था।

जिला मुख्यालय रायगढ़ में भी कलेंडर विमोचन के समय बड़ी संख्या में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। धर्मजयगढ़,तमनार में भी सभी पदाधिकारी उपस्थित होकर कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा सभी विकासखंड मुख्यालय में एक साथ जिन लोगों ने अपने सेवा काल में कर्मचारी संघ के लिए काम किया उन लोगों के हाथों कैलेंडर का विमोचन कराया जा रहा है यह प्रशंसनीय कार्य है,जिला शाखा अध्यक्ष ,कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव, प्रांतीय सचिव,जिला पदाधिकारी, विकाश खंड अध्यक्षों ने विमोचन को बहुत अच्छे से संपादित कराया।

### क्रीड़ा प्रतियोगिता में बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिले से बास्केटबॉल के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रौशन किया है। बता दें कि राजनांदगांव में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 जनवरी तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सरगुजा बास्केटबॉल संघ के खिलाड़ी अथर्व प्रताप सिंह, श्रेयांस सोनी व इलिसिबा तिर्की सम्मिलित हुए थे। प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया है और बेहतर प्रदर्शन कर मेडल हासिल किए है।

# भाषण प्रतियोगिता में अनंत प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी।

युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंगलवार को आरबीआर एनईएस पीजी कॉलेज में मेरा भारत विकसित भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

युवाओं ने अपनी कल्पना 2047 का विकसित भारत का वर्णन अपने भाषण के मध्यम से सबके सामने रखा। प्रतियोगिता में अनंत शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौरभ यादव और कवि कुमार प्रधान ने प्रतियोगिता में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। केपी पटेल, आभा भेक और विकास पांडे कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ. वीके रक्षित ने युवाओं को प्रेरित किया और उम्मीद जताई कि इस बार जशपुर के युवा राज्य स्तर पर जिले की अद्वितीय उपस्थिति दर्ज कराएंगे। नेहरू युवा केंद्र जशपुर के जिला युवा अधिकारी सुमेधा पवार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रथम विजेता राज्य स्तर पर जशपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 100000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50000 रुपए और 2 युवाओं को तृतीय पुरस्कार के रूप में 25000 मिलेंगे।

## अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण

# करोना काल में पढ़ाई ठप होने से गिरा था शिक्षा का स्तर, अब होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शिक्षा के स्तर में सुधार लाने शुरू किया गया अंगना म प्रशिक्षण कार्यक्रम।

अंगना में शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन विकासखंड मनोरा के बीआरसी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की माताओं को विद्यालय एवं शिक्षा से जोड़ने का कार्य करते है जिसके फलस्वरूप माताएं अपने बच्चों को घरों में उपलब्ध सामग्रियों एवम छोटे छोटे गतिविधियों के माध्यम से सीखने - सीखाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करती है।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरुआत वैश्विक महामारी कोरोना के समय प्रारंभ हुई थी। इस महामारी के विषम परिस्थिति में छात्रों की शिक्षा पुरी तरह ठप्प हो गई थी जिस कारण शिक्षा का स्तर में गिरावट आ गई, शिक्षा सुधार लाने के उद्देश्य से माताओं को प्रत्यक्ष रूप से विद्यालय से जोड़कर अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से कार्य किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित इस कार्यक्रम से छात्रों के शिक्षा स्तर में अभुतपूर्व उपलब्धि प्राप्त हुई। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है, स्कॉच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन द्वारा प्रदत्त देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों की पहचान करता है जो भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास ⏭ शेष पेज 4 पर

## घर पर माता व बच्चों को सीखने का मिल रहा अवसर

**फरसाबहार।** घर पर छोटे बच्चों को उनकी माताओं की सहायता से सीखने का अवसर देने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अंतर्गत चलाए जा रहे अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिनांक आठ जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन फरसाबहार के ग्रंथालय भवन में किया गया। जिसमें विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक तथा प्रत्येक संकुल से एक संकुल नोडल प्रशिक्षण में शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को वेलकम सांग के द्वारा स्वागत कर प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना, वंदना व राजकीय गीत द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास खण्ड स्रोत समन्वयक श्याम लाल साहू द्वारा अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के शुरुआत से परिचय देकर इस कार्यक्रम की अब तक कि सफलता को साझा कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।



सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव द्वारा कार्यक्रम को प्रशिक्षण के दिशा निर्देश के अनुसार शालाओं तथा बच्चों के आंगन तक ले जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शुभकामनाये दी गई। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा 1ली, 2री व उनकी माताओ के साथ जनवरी,फरवरी व मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में भाषाई व गणितीय कौशल के अंतर्गत दो-दो गतिविधियां कराई जानी है। जिसमे एएमसी के सदस्य भी होंगे। सभी प्रतिभागियों के द्वारा इन गतिविधियों को खेल-खेल में बहुत ही रोचक तरीके से किया गया।व माताओं व बच्चों के साथ इस प्रकार की एक्टिविटी करने हेतु प्रेरित किया गया। संभाग स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त बी आर जी सदस्य श्रीमती आरती ओहदार तथा कुमारी उत्तरा गोपाल ने सभी गातिविधियों को कराकर प्रतिभागियों को सक्रिय रखते हुए रोचक ढंग से प्रशिक्षण दिया गया । अंत मे सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

### हालीवुड


## एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं।

गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

### लाइफ स्टाइल



### अपना फैशन स्टेटमेंट

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

## सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो। लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।

### अपने परिवार से संपर्क में रहे

बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।

## बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान

फैशन



**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीज़ें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

## चांदनी वाइब्स: पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



## मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

### कार्नर न्यूज

**चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है**

*__नई दिल्ली।__ जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें। साथ ही यहां के खूबसूरत हैंडीक्रॉफ्ट्स की खरीददारी भी।*

## ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिंग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।



# पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण

**मुंबई।** अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण ने डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वह बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी। फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश की कुछ चुनिंदा लोकेशन पर होगी।



## लाइफ Style

# तनिष्का

## ब्रेकअप पर बोलीं- इमोशनली बहुत कठिन था

ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्री तनुजा की छोटी बेटी तनीषा मुखर्जी इन दिनों झलक दिखला जा में अपने डांस से सबको इंटरटेन कर रही हैं। अभिनेत्री अपने डांस के अलावा फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों को अपना दीवाना बनाया। अदाकारा ने फिल्म नील 'एन' निक्की से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तनीषा के साथ उदय चोपड़ा ने भी काम किया है। इस फिल्म के दौरान उदय और तनीषा के रिश्ते बन गए। दोनों ने एक दूसरे को कई साल तक डेट किया उसके बाद दोनों अलग हो गए। अब तनीषा ने एक इंटरव्यू में कहा 'उदय और मैं 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के टाइम पर मिले थे। उस दौरान हम दोस्त बन गए और हम हमेशा दोस्त थे और मुझे लगता है कि ऐसी ही फिल्म के दौरान हम नजदीक आ गए और फिर हमें प्यार हो गया। जब तनीषा से उनकी शादी की असली वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि चीजें उनके हिसाब से काम नहीं कर रही थीं इसलिए उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री सिंडी नहीं रही

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन का निधन हो गया है। अभिनेत्री ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था।




# 'अवतार 3' की आहट ने हिला डाला इंटरनेट...

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने ब्लॉकबस्टर 'अवतार' के एक नहीं बल्कि तीन सीक्वल की घोषणा करके 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की सफलता को कैश करने का पूरा प्लान बना लिया है। सुपरहिट फैंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' (अस्थायी नाम) की शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जारी है। वहीं अब जेम्स कैमरून ने फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी शेयर कर दी है। जेम्स कैमरून ने एक टीवी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, अभी हम पोस्ट-प्रोडक्शन के दो वर्षों में बहुत व्यस्त हैं, इसलिए यह फिल्म '2025 के क्रिसमस पर सिनेमाघरों में होगी।



# मेघना की फिल्म में नजर आएंगे सिद्धार्थ...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही फिल्मों की सक्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदेशालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी की ये फिल्म अब 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी।



# 'कैप्टन मिलर' में आए एक्शन मोड में

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की मच अवेटेड फिल्म 'कैप्टन मिलर' का हर किसी को इंतजार है ऐसे में मेकर्स ने इसका दमदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आपको बता दें कि यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में धनुष खतरनाक रोल में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में आप धनुष के खूंखार अवतार को देख सकेंगे। 'कैप्टन मिलर' फिल्म के ट्रेलर में धनुष का एक्शन हर किसी के दिमाग में छप गया है। अगर धनुष के लुक की बात करें तो वह लंबे बालों और बढ़ी हुई दाढ़ी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं अगर फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2.54 सेकंड के इस ट्रेलर में धनुष के काफी एक्शन सीन दिखाई देते हैं, वह अकेले ही अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं।

## टीवी मसाला



# सिर्फ 16 साल में किया डेब्यू टीवी पर भी किया सालों राज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनके एक किरदार ने ही उन्हें अभिनय की दुनिया में अमर कर दिया। आज एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका नाम लेते ही आपके दिमाग में सबसे पहले उनके द्वारा सालों पहले अदा किया गया एक ऐसा किरदार आएगा जो आज भी आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेर देगा। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि टीवी की सबसे प्यारी 'बा' यानी कि एक्ट्रेस सरिता जोशी हैं। साल 2005 में टेलीकास्ट होने वाले सीरियल 'बा बहू और बेबी' से एक्ट्रेस सरिता जोशी ने घर-घर में पहचान बनाई थी। सरिता जोशी सीरियल्स के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ये एक्ट्रेस आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मेस्सी की सुपरहिट फिल्म '12 वीं फेल' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने विक्रांत की दादी का किरदार निभाया था। 'कन्यादान', 'नजर', 'सिंबा' एक्ट्रेस की बेहतरीन फिल्मों में शामिल हैं। एक्ट्रेस की दोनों बेटियां केतकी दवे और पूर्वी जोशी भी एक्ट्रेसेज हैं। सरिता जोशी को पहचान भले ही सीरियल 'बा बहू और बेबी' से मिली, लेकिन ये एक्ट्रेस सीरियल के टेलीकास्ट होने से सालों पहले से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थीं। उन्होंने 'बा बहू और बेबी' से पहले कई सीरियल्स में काम किया था और वह गुजराती थिएटर का भी जाना-माना नाम रह चुकी हैं। केवल 16 साल की उम्र में सरिता जोशी ने पहली बार गुजराती थिएटर के ड्रामा में लीड रोल निभाया था। उसके बाद उन्होंने साल 1980 में सीरियल 'तितलियां' से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इस सीरियल का निर्देशन राज बब्बर की पत्नी नादिरा बब्बर ने किया था।

## समर्थ से झगड़ने के बाद अभिषेक घर से हुए बेघर



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल के बीच जमकर लड़ाई हुई। अभिषेक कुमार ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। बिग बॉस ने लड़ाई के बाद अंकिता से पूछा कि क्या शारीरिक झगड़ों के बावजूद अभिषेक को खेल में बने रहना चाहिए। अंकिता ने सनी आर्य के निष्कासन का हवाला देते हुए अभिषेक के खिलाफ नकारात्मक बात कही। वे इस बात पर सहमत थीं कि अभिषेक को शो छोड़ देना चाहिए। अन्य कंटेस्टेंट ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि यह सही निर्णय है, क्योंकि अभिषेक कुमार ने शो में सबसे बड़े नियमों में से एक को तोड़ा है। अभिषेक पिछले कुछ दिनों में समर्थ के साथ अपने लगातार झगड़ों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने समर्थ को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की भी कोशिश की थी, हालांकि अभिषेक कुमार के फैंस उनका बचाव कर रहे हैं। कई नेटिजेंस का मानना है कि समर्थ ने उन्हें थप्पड़ मारने के लिए उकसाया था। वे इसे क्रिया की प्रतिक्रिया बता रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समर्थ के साथ अभिषेक की न बनने की वजह बिल्कुल सीधी है।

# सबसे महंगे गीतकार बने जावेद, डंकी के गाने के लिए 25 लाख वसूले ...



**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर धमाल-कमाल कर रही है। फिल्म की कहानी और उसके गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। खास तौर से फिल्म का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। इस गाने को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखा है। इस हिट गाने को लिखने के लिए जावेद अख्तर ने जो मोटी फीस वसूली थी उससे वे बॉलीवुड के सबसे महंगे गीतकार बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लिखने के लिए जावेद अख्तर ने 25 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने बताया कि यह एक गाना लिखने के लिए आज तक किसी भी गीतकार द्वारा ली जाने वाली रिकॉर्ड फीस है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान जावेद अख्तर ने इस बात की पुष्टि भी की थी। शो के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि वह आम तौर पर फिल्म में केवल एक गाना नहीं लिखते, लेकिन राजू हिरानी ने उन्हें जोर देकर कहा कि वह केवल एक ट्रैक के लिए गीत लिखें। उन्होंने कहा कि 'ये गाना आपके अलावा कोई नहीं लिख सकता। मैंने फिर उनके सामने 25 लाख रुपए लेने की शर्त रखी। मुझे लगा कि वो शायद मेरी शर्त से हतोत्साहित हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने मेरी शर्तों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया।

# मनाली की निशा ठाकुर के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज...



**मनाली/ कुल्लू।** मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में करवाई विंटर क्वीन प्रतियोगिता में मनाली की ही निशा ठाकुर ने विंटर क्वीन का ताज पर कब्जा जमाया। वहीं फस्ट रनरअप का खिताब शिमला की कोहिनूर सरकेक ने जीता और सेकेंड रनरअप मनाली की भव्य पंडित रहीं। शरद सुंदरी का ताज जीतने वाली निशा ठाकुर को एक लाख का ईनाम दिया गया। मनाली में शून्य तापमान के बीच सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। हर युवती ने निर्णायकों के सवालों के जवाब बखूबी दिए। इससे पहले मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिस्पर्धा की प्रतिभागियों ने टेलेंट राउंड में दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 27 युवतियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

## गोल्डन ग्लोब विजेताओं का हुआ ऐलान

# गोल्डन ग्लोब 2024 में 'ओपेनहाइमर' का बोलबाला, क्रिस्टोफर बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक


*केलिफोर्निया। मनोरंजन की दुनिया में हर साल ऑस्कर से पहले गोल्डन ग्लोब पुरस्कार का इंतजार रहता है। इस पर दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें होती हैं और हों भी क्यों न, यह फिल्म और टीवी की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार जो है। इस समारोह में नामांकन पाने वालों के नाम सामने आने के बाद से इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार गोल्डन ग्लोब पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है।*

## 'ओपेनहाइमर' ने जीते सबसे ज्यादा अवार्ड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने भी कई श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किया। मोशन पिक्चर की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म 'ओपेनहाइमर' के लिए जीता। इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार क्रिस्टोफर नोलन ने जीता। यह उनका पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। यही नहीं, मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी इसी फिल्म के अभिनेता सिलियन मर्फी को मिला। बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर और बेस्ट मोशन ड्रामा पिक्चर का पुरस्कार भी 'ओपेनहाइमर' को मिला।

## 'बार्बी' चूकी, पूअर थिंग्ज ने मारी बाजी

गोल्डन ग्लोब्स 2024 में मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी की श्रेणी में 'बार्बी' से मार्गोट रोबी पुरस्कार पाने से चूक गईं। उनकी बजाय एम्मा स्टोन 'पूअर थिंग्ज' के लिए बाजी मार गईं। बेस्ट स्क्रीनप्ले मोशन पिक्चर की श्रेणी में भी 'बार्बी' को हार का सामना करना पड़ा। बेस्ट पिक्चर का खिताब भी 'पूअर थिंग्स' को मिला। हालांकि, मोशन पिक्चर बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के अलावा सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट की श्रेणी में बॉर्बी ने पुरस्कार हासिल किया।



## अन्य श्रेणियों में इन्हें मिला पुरस्कार

लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का खिताब अली वॉन्ग ने 'बीफ' के लिए जीता। स्टीवन येउन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का गोल्डन ग्लोब अपने नाम किया। मोशन पिक्चर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक महिला कलाकार का गोल्डन ग्लोब डे' वाइन जॉय रैंडोल्फ। एलिजाबेथ डेबिकी ने सीरीज 'द क्राउन' के लिए सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब मैथ्यू मैकफेडेन को 'सक्सेशन' के लिए मिला। आयो एडेबिरी ने टीवी कॉमेडी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

## बेस्ट पिक्चर बनी 'एनाटॉमी ऑफ फॉल'

सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार 'एनाटॉमी ऑफ फॉल' को मिला। गैर-अंग्रेजी भाषा में बेस्ट पिक्चर का पुरस्कार भी इसी फिल्म को मिला। रिकी गेरवाइस टीवी के सर्वश्रेष्ठ स्टैंडअप कॉमेडियन तो सर्वश्रेष्ठ टीवी फीमेल एक्ट्रेस सारा स्नूक बनीं। बेस्ट ड्रामा सीरीज का खिताब 'सक्सेशन' ने जीता।

## कब हुई थी गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की शुरुआत?

*यह गोल्डल ग्लोब्स का 81वां संस्करण था, जिसकी मेजबानी जाने-माने कॉमेडियन जो कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब्स के नामांकन में फिल्म और टीवी जगत से 27 पुरस्कार श्रेणियां शामिल थीं। इसमें सिनेमैटिक व बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट और बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन ऑन टेलीविजन जैसी 2 नई श्रेणियां शामिल की गई थीं। 1944 में इन पुरस्कारों की शुरुआत हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार सिर्फ फिल्मों के लिए दिया जाता था। 1956 में इसमें टीवी को शामिल किया गया था।*

## खबर संक्षेप

### क्रीड़ा प्रतियोगिता में ओपी वर्चुअल शामिल



**रायगढ़।** जिले के ग्राम तुरंगा में आयोजित विकासखंड स्तरीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी वर्चुअली शामिल हुए। सोशल मंच में जानकारी साझा करते हुए ओपी चौधरी ने बच्चो को गर्मी के दिनों में समर कैंप के लिए आश्वस्त किया। इस आयोजन के दौरान म्यूजिक, डांस सहित अन्य बहुत सी एक्टिविटीज की जाएगी। बिलासपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में शामिल होने की वजह से तुरंगा में आयोजित इस प्रतियोगिता में ओपी मुख्य अतिथि शामिल नहीं हो पाए। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आयोजन में शामिल नही होने पर खेद व्यक्त किया।

### आमापाली में विकसित भारत संकल्प शिविर

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमापाली में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन यहां के सरपंच खुशीलाल गुप्ता सचिव मोहन वैष्णव सहित समूचे पंचायत पदाधिकारियों की व्यवस्था में हुआ जहां शासन के निर्धारित शासकीय अमला अपने अपने स्टाल लगाए। इसमें कृषि स्टाल में 13 किसानों के स्टेटस चेक कराया, पशुपालन में 7 किसानों को मवेशियों के लिए कृमि दवा दी गई, 15 हितग्राहियों को उज्वला गैस कनेक्शन, 11 प्रधानमंत्री आवास, शौचालय के 12 आवेदन प्राप्त हुए। उक्त पंचायत में 22 लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास वितरित हुआ है जिसका निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है। स्वास्थ्य स्टाल में 102 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 32 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया।

### बेटी के जन्म पर पुरस्कार किट का वितरण

**सारंगढ़।** परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान ने अपने जन्मदिन से सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देते हुए जिले में बेटी जन्म पर पुरस्कार किट वितरण शुरू किया है। बेटी जन्म परश्री हरिशंकर चौहान ने ग्राम परसदा बड़े के ईश्वर यादव और शांति यादव को ग्राम छिंद के मनीषा और यशवंत कुर्रे को सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गोरबा के गोविंदा और दीपिका साहू को यह पुरस्कार किट प्रदान किया है।

### पडिगांव में आवास प्लस को लेकर ग्राम सभा

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पडिगांव में पीएम आवास को लेकर पंचायत भवन में एक ग्राम सभा आयोजित हुई जिसके लिए सरपंच सतनारायण प्रधान एवं सचिव हिरालाल धोबा ने हाकर के जरिए समूचे ग्राम में मुनादी कराया। आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के सभी हितग्राही उपस्थत हुए जो अपने अपने आधार कार्ड एवं राशन कार्ड लेकर आए थे जिनका परीक्षण कराया जाकर उसे आवेदन में इन्द्राज किया गया। जानकारी के मुताबिक 192 आवास प्लस में हितग्राहीयों का नाम दर्ज है ।

पेज 1 का शेष

### करोना काल में पढ़ाई ...

करते हैं । अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण में मनोरा विकासखंड के समस्त 30 संकुलों से एक संकुल समन्वयक एवं एक महिला शिक्षक ने प्रतिभागी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, प्रशिक्षक कुमारी वंदना माझी व श्रीमती बसंती बाई ने बहुत सुंदर व स्पष्ट तरीके से शैक्षणिक गतिविधियों व अवधारणा की जानकारी दी जिससे प्रत्येक छात्रों को गुणवत्ता व सीखने सीखाने की दिशा बेहतर कार्य किया जावें, इस प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार पटेल एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोरा तरुण कुमार पटेल ने मार्गदर्शन दिया।

## एसईसीएल प्रबंधन का पुतला जलाकर जताया विरोध

# खदानों में अवैध वसूली, सुविधाओं को लेकर ट्रेलर मालिकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसईसीएल की खदानों में अवैध वसूली पर रोक और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ ने सोमवार को प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं इस दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंनें प्रबंधन का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया। जिले में हर दिन भारी वाहनों की तेज रफ्तार व जर्जर सड़क की वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिसमें कई लोग चोटिल होने के साथ ही कईयों को जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ ने शहर में बाईक रैली निकालकर एसईसीएल प्रबंधन कार्यालय के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते हुए पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंनें प्रबंधन का पुतला भी दहन कर अपना विरोध जताया। इस दौरान जिला ट्रेलर मालिक संघ ने सभी खदानों में अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए समुचित पार्किंग व्यवस्था, पेयजल और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की मांग करते हुए एसईसीएल महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि इस मामले पर पूर्व में भी एक पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक एसईसीएल प्रबंधन की ओर से कोई भी सार्थक पहल इस विषय पर नहीं की गई है। जिससे जिले में संचालित खदानों में अराजकता अपने चरम सीमा पर पहुँच चुकी है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कोल इंडिया अन्तर्गत आने वाली एसईसीएल की सभी खदाने कुछ दबंग और अराजकतत्वों के भरोसे चल रही है। वहां जमकर व खुलेआम मनमानी की जाती है। खदानों में गुंडागर्दी अपने चरम सीमा पर है, जिसका की प्रत्यक्ष उदाहरण हाल ही में छाल खदान में त्रिपुरा रायफल्स के नाम खुलेआम मारपीट होना है। एसईसीएल की समुचित पार्किंग व्यवस्था और संचालन ना होने की वजह में हर खदान पर हर ट्रांसपोर्टरों के साथ साथ अराजकतत्वों द्वारा अपनी अपनी लोडिग लाइन चलाई जा रही है और लगातार अवैध वसूली की जा रही है। परिणामतः दुर्घटना की संख्या में लगातार अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है और जो लोग साधारण ढंग से अपनी गाड़िया में लोडिंग चाहते हैं। उन्हें जानबूझ कर परेशान करने की नियत से 2-3 दिन तक खदानों में खड़े कराया जा रहा है। जिसकी वजह से डीजल चोरी, सड़क जाम और अन्य परेशानियों का सामना मालिक के साथ साथ आमजन को भी करना पड़ रहा है।



पुतला दहन कर विरोध करते ट्रेलर मालिक।

## जनहित के कार्यों को मिलेगी गति बदलेगा शहर

# घरघोड़ा के वार्डों को संवारने विधायक ने दिए डेढ़ करोड़

### नप अध्यक्ष चौधरी की पहल पर स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

नप अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की मांग पर विधायक लालजीत सिँह द्वारा घरघोड़ा के वार्डो को संवारने प्रति वार्ड 5 लाख के मान से डेढ़ करोड़ रुपयों के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। विधायक लालजीत सिँह राठिया अपनी लगातार तीसरी बार की जीत के बाद घरघोड़ा नगर पहुँचे थे जहाँ भव्य स्वागत अभिनंदन के पश्चात नप अध्यक्ष सुरेंद्र सिँह चौधरी की मांग पर विधायक ने त्वरित घोषणा करते हुए 15 वार्डो.में विभिन्न विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी।

नप अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी का पुराना कार्यकाल आज भी लोगो के जेहन में ताज़ा है और ततसमय जिस ऊर्जा से लबरेज होकर नगर के लिए दौड़ भाग करते नजर आते थे उसी ऊर्जा के साथ उनका पुनः नगर विकास के लिए कार्य करते दिखना नगर वासियों के लिए एक सुखद अहसास है क्युंकि तत्समय किये गए विकास कार्यों की मिसाल आज तक दी जाती रही है और उम्मीद की जाए की आने वाले वर्षो में भी ऐसी ही छाप पुनः छोडेगें।


विधायक के साथ नपा अध्यक्ष चौधरी।

### विकास को गति देने विधायक का आभार : सुरेंद्र

नप अध्यक्ष एव कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिँह चौधरी ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा विकास के लिए प्रतिबद्धता ही हमारे संघर्षो का मूल है मेरे निवेदन पर विधायक की मुहर से निश्चित तौर पर नगर को सुंदर एवं आदर्श शहर बनाने के सपने को गति मिलेगी। 15 वार्डो में विकास कार्य शीघ्रतिशीघ्र प्रारम्भ होंगे और जनता तक इसका लाभ जल्द पहुंचने लगेगा। विधायक के सहयोग और जनता के विश्वास के साथ हम शहर को संवारने और सुविधायुक्त बनाने के सपने को जल्द सच करके दिखाएंगे ।

# सारंगढ़ के सुलोनी में लोक मड़ई मेले का आयोजन


मड़ई मेले में कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोक कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ के प्रसिद्ध गांव सुलोनी में निरंतर चले आ रहे लोक मड़ाई मेला और राउत नाचा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल विधायक खरसिया का आगमन हुआ। जिनके साथ कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े और जिलाध्यक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की।

सारंगढ़वासियों से हमेशा से एक अलग लगाव रखने वाले पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल का आगमन सारंगढ़ भारत माता चौक में हुआ। जहां सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े समेत युवा कांग्रेसियों ने आतिशबाजी और नारेबाजी करते हुए पटेल का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा कृष्ण एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर वंदन कर शुभारंभ हुआ तत्पश्चात विधायक उमेश पटेल एवं उत्तरी गणपत जांगडे, जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार सोनी अजय बंजारे नगर पालिका अध्यक्ष, पुरुषोत्तम साहू, संजय दुबे, श्रीमती अनिका भारद्वाज, वैजयंती लहरें और मनचासियों का समिति ने पुष्प हार पहनाकर सादर अभिवादन किया। मंच को उद्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अरुण मालाकार ने सुलोनी ग्राम वासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हमेशा कांग्रेस पर विश्वास जताया हैए आपका यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में जाना जाता है और यह बड़ा मंच है पूरी समिति को बधाई। क्षेत्र की विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े ने कहा कि आपने मुझ पर हमेशा विश्वास जताया आपका यह मेला आसपास के क्षेत्र में खयाती प्राप्त है। राधा कृष्ण जी की कृपा से आपका ये मेला हमेशा की तरह सफल हो आपको सफल आयोजन के लिए मैं बधाई देती हूं।

■ श्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश नंदकुमार पटेल जी ने ग्रामीणों के स्वागत सत्कार को देखकर भाव विभोर हो गए उन्होंने कहा कि बचपन में अपने गांव के पास में लगने वाले मिले और खासकर मलाई मिला हम देखने जाते थे और रात भर रुकते थे उसका मजा कुछ और था आज प्रथम दिन है और अंतिम दिन तक आते आते मेला का स्वरूप विराट हो जाएगा। अतः भीड़ नजर आएगी पूर्ण सत्र आपका आमंत्रण में मैं नहीं पहुंच पाया मुझे खेद है मेला समिति का यह वृहद आयोजन कि मैं सराहना करता हूं अपने मंच के माध्यम से जो मांग रखी है मैं उसे पूरा करने के लिए विधायक जी के साथ मिलकर पुरजोर कोशिश करूंगा।



### बुजुर्ग बेसहारा का कलेक्टर के निर्देश पर बना अंत्योदय कार्ड

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान से उनके कार्यालय में जनदर्शन के दौरान बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पेण्ड्रावन की बुजुर्ग श्याम बाई ने अपनी राशन समस्या को बताई। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य अधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती कार्ड को निरस्त कर अंत्योदय कार्ड बनाया गया। श्रीमती श्याम बाई और उनके साथ आई उनकी सहेली ने तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड बनने पर खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री चौहान का पदभार ग्रहण के बाद पहला जनदर्शन कार्यक्रम है।

# 14 तहसील न्यायालयों में सीमांकन के 70 मामले दर्ज, सिर्फ 17 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्थित 14 तहसील न्यायालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीमांकन के कुल 70 प्रकरण दर्ज किए गए।

■ 53 मामले अब भी लंबित, 8 में एक भी मामले निराकृत नहीं

इस वित्तीय वर्ष 70 प्रकरणों में केवल 17 प्रकरणों का ही निराकरण हो सका, वहीं सीमांकन के 53 प्रकरण भी लंबित हैं। अहम बात यह है कि 8 ऐसे तहसील न्यायालय हैं, जहां अब तक एक भी प्रकरण निराकृत नहीं हो सका है। जिले में तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरण के निराकरण को लेकर बैठकों में अक्सर इसके त्वरित निराकरण को लेकर निर्देशित किए जाते हैं।

पूर्व में राजस्व विभाग की हुई बैठकों में कलेक्टर द्वारा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर निर्देशित किया गया था, किंतु तहसील में सीमांकन के प्रकरण के निराकरण की गति काफी धीमी है। आंकड़े ही इस बात को बयां करते नजर आ रहे हैं। आंकड़ों की ओर गौर करें तो जिले के 14 तहसीलों में वर्ष 2023-24 में सीमांकन के कुल 70 प्रकरण दर्ज किए गए, जिसमें 53 अब भी लंबित हैं। जबकि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर महज 2 माह ही बचे हैं।




### 24.29% मामलों का निपटारा

दिसंबर 2023 तक उक्त 14 तहसीलों में से तहसीलदार न्यायालय कापू में तथा नायब तहसीलदार न्यायालय रायगढ़ में 100% सीमांकन के मामलों का निपटारा हो चुका है। वहीं न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ 10 फीसदी, तहसील न्यायालय घरघोड़ा में 33.33 फीसदी, तहसीलदार न्यायालय रायगढ़ व पुसौर में 40-40 फीसदी मामलों का निराकरण हो सका है।

### प्रकरण 10 से कम मगर निराकृत शून्य

इसमें भी 8 ऐसे तहसील हैं, जहां अब तक किसी भी प्रकरण का निराकरण नहीं हो सका है। यानी यहां सीमांकन के निराकृत प्रकरणों की संख्या शून्य है। यह स्थिति तब है जब यहां दर्ज प्रकरणों की संख्या भी 10 से अधिक नहीं है।

# आधा किलो गांजे के साथ ढाबा मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 7 जनवरी के रात्रि थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लाखा रोड किनारे स्थित यादव ढाबा में ढाबा का संचालक लिंगराज यादव के द्वारा ट्रक ड्राइवरों को अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहा है। थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ के साथ यादव ढाबा, लाखा जाकर छापामार कार्रवाई की गई। मौके पर ढाबा के संचालक लिंगराज यादव से पूछताछ कर विधिवत तलाशी ली गई और संदेही ढाबा संचालक के कब्जे में रखे एक थैले से मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जिसे तौल करने पर 500 ग्राम गांजा कीमत 5,000 का पाया गया। आरोपी लिंगराज यादव पिता हलधर यादव उम्र 30 साल निवासी महेशपुर थाना बागबहार जिला जशपुर हाल मुकाम ग्राम लाखा रायगढ़ के विरुद्ध थाना कोतवाली में 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रेए उप निरीक्षक संजय नाग, एएसआई दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगन्नाथ साहू, अजय साव, मनोज पटनायक और महिला आरक्षक प्रतीक्षा मिंज शामिल रहे।


गांजे के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### सवा किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार



पुलिस चौकी खरसिया की टीम ने 7 जनवरी को मौहापाली बाईपास रोड किनारे एक युवक को अवैध रूप से गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करने की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया है। चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरव द्विवेदी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संजय नगर खरसिया में रहने वाला बजरंग उर्फ ठेठी यादव थैले में गांजा लेकर मौहापाली बाईपास पर बिक्री के लिए ग्राहक के इंतजार में है। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही बजरंग उर्फ ठेठी यादव को पकड़ा जिसके कब्जे से 1300 ग्राम गांजा कीमत 5000 का बरामद हुआ है जिसकी विधिवत जप्ती कर आरोपी बजरंग उर्फ ठेठी यादव पिता अमरूद लाल यादव उम्र 25 वर्ष साकिनसंजय नगर खरसिया चौकी खरसिया जिला रायगढ़' पर पुलिस चौकी खरसिया थाना खरसिया में 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# ठाकुरपाली के एनएसएस कैंप में संजीवनी के चिकित्सकों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**रायगढ़।** ग्राम ठाकुरपाली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में रायगढ़ के समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रायगढ़ के प्रतिष्ठित एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्राम ठाकुरपाली के साथ साथ आसपास के लोगों को जहाँ निःशुल्क जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया गया वहीं डॉक्टरों द्वारा लिखे गए आवश्यक दवाई भी लोगों को निःशुल्क वितरण किया गया।

शिविर में कर्ण बाधित लोगों को श्रवण यंत्र एवं बुजुर्गों को सहारा छड़ी भी प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के आयोजन में जिला स्काउट एवं गाइड के आयुक्त पुरुषोत्तम अग्रवाल के संयोजकत्व में रायगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान संजीवनी नर्सिंग होम एवं टिल्लू मेमोरियल संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर द्वारा शिविर स्थल में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 235 मरीज का निःशुल्क का इलाज एवं ब्लड टेस्ट अंतर्गत 44 शुगर 54 हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया एवं 6 लोगों को श्रवण यंत्र वितरित किया गया और तीन दर्जन सहारा छड़ी स्टिक भी लोगों को निःशुल्क बांटा किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तारापुर की ओर से समस्त आगंतुक अतिथियों का एन एस एस बैच लगाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के शुभारंभ अवसर पर रायगढ़ के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉक्टर केदार नाथ पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जीवन की सार्थकता जरूरतमंद दुःखी पीड़ित लोगों की सेवा करने में है और हमें अपने सामर्थ के अनुसार निश्चित रूप से लोगों की सेवा करनी चाहिए इस आयोजन के लिए रायगढ़ के सेवाभावी संस्थानों के साथ मैं एनएसएस इकाई को भी विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं।

समापन अवसर पर भी डॉ. नायक ने कहा कि हम अपने जीवन पर्यंत इस तरह के सेवा कार्यों में जुड़े रहेंगे क्योंकि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम उद्घाटन अवसर पर जिला स्काउट एवं गाइड के आयुक्त पुरुषोत्तम अग्रवाल ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उपलब्ध सेवा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी ।

# संदिग्धों की चेकिंग व किरायेदारों के सत्यापन का चला अभियान

**रायगढ़।** रविवार को थाना घरघोडा क्षेत्र में थाना प्रभारी शरद चन्द्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों की जांच और किरायेदारों के सत्यापन के लिये मकानों पर अभियान चलाया गया।

घरघोडा क्षेत्र में स्थापित फैक्ट्री में प्रदेश के साथ ही कई अन्य प्रांत के लोग काम कर रहे हैं तथा कई बार बाहरी असामाजिक तत्वों की अपराधों में संलिप्ता रही है। बाहरी तत्वों को क्षेत्र के रहवासियों द्वारा बिना पुलिस वेरिफिकेशन के छोटे छोटे किराया मकान भी उपलब्ध कराया गया है जिसे लेकर घरघोड़ा पुलिस टीम ने सुबह जांच पड़ताल के लिए घरघोडा के अलग अलग क्षेत्र में दबिश दी गई। बिना सत्यापन के किराये मकान पर रह रहे, लोगों को थाना घरघोडा में आधार कार्ड से वैरिफिकेशन कराया जा रहा है। मकानों को जांच दल ने बारीकी से चेक किया और मकान मालिक को मौके पर तलब कर किरायेदारों की तस्दीक किया जा रहा है। घरघोड़ा पुलिस की क्षेत्रवासियों से अपील है कि वे मकान किराया पर देने से पूर्व किरायेदार का अनिवार्य रूप से पुलिस वैरिफिकेशन करावें, किरायेदार द्वारा दिये गये आधार कार्ड का स्वयं चॉइस सेंटर से वेरीफाई करावें और इस बात की जानकारी प्राप्त करें कि किरायेदार द्वारा बताये पते पर उसका परिवार निवास करता है या नहीं ।

